# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 31.08.2024

### आवासीय कालोनी में कारखाना बनाना गलत

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के तहत हरहुआ स्थित दासेपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना में कैंप लगाकर लोगों की समस्या दूर की गई। योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ जमीन लेने से पहले वीडीए से पूरी जानकारी लेने का सुझाव दिया गया। इसके लिए वीडीए ने एप भी लांच किया। इसमें आराजी नंबर डालते ही पूरी जानकारी मिल जाएगी। वीडीए की महायोजना में तय रहता है कि आवासीय, व्यवसायिक, कल-कारखाना, स्कूल-कालेज, होटल और माल आदि किस स्थान पर बनेंगे। आवासीय कालोनी में कल-कारखाना लगाना और होटल बनाना गलत है।

कैंप का शुभारंभ करते हुए विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि वीडीए मास्टर प्लान बनाने के साथ



दासेपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना में पौधारोपण करते विधायक अवधेश सिंह, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग • जागरण

उसे धरातल पर लाने की पूरी कोशिश करता है लेकिन कुछ लोग योजना के विपरीत काम करके अनियोजित विकास कर रहे हैं। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान बनाने के साथ सुनियोजित विकास पर ज्यादा जोर देता है। होटल बनाने के लिए

- विकास प्राधिकरण ने दासेपुर में प्रधानमंत्री आवासीय योजना में कैंप लगाकर दूर की समस्याएं
- लांच किया एप, 50 वर्ष में आठ हजार लोगों को उपलब्ध कराया गया आवास और दुकान

सड़क की चौड़ाई नौ मीटर, कारखाना और ग्रुप हाउसिंग के लिए 12 मीटर सड़क की चौड़ाई जरूरी है। प्रधानमंत्री आवासीय योजना की सराहना करते हुए कहा कि 608 आवास बनाए गए और उसमें 530 को आवंटित किए जा चुके हैं। शेष की आवंटन प्रक्रिया जारी है। वीडीए ने 50 वर्ष में आठ हजार से अधिक आवास और दुकानें लोगों को उपलब्ध कराईं। श्री साईं बाबा इंफ्रा प्रोजेक्ट के सीएमडी रामगोपाल सिंह ने कहा कि हर वर्ग को छत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## हिन्दुस्तान –दि0 31.08.2024

### भू-प्रयोग की जांच प्रक्रिया सरल करें वीडीए : अवधेश

**सेवा सप्ताह**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा सप्ताह के क्रम में शुक्रवार को दासेपुर में छठा कैंप लगा। इसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि वीडीए को भू-प्रयोग जांच की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से सरल बनानी चाहिए। आम लोगों से वीडीए प्रशासन को संवाद बढ़ाना चाहिए।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि होटल बनाने के लिए 9 मीटर, कारखाना के लिए 12 मीटर एवं ग्रुप हाउसिंग के लिए 12 मीटर सड़क अनिवार्य है। 50 वर्षों में वीडीए की ओर से कुल 8000 आवास एवं दुकानें बनाई गई हैं।

कैम्प में शिवपुर निवासी देवनाथ वर्मा का एक शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। वहीं संपत्ति विभाग ने 2 लाभार्थियों प्रदीप कुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश झा को कब्जा पत्र तथा एक लाभार्थी रंजीत कुमार पाल को हस्तान्तरण की अनुमति दी। लाभार्थी भगवती सोनी को नामांतरण पत्र दिया गया। कैम्प में 30 नोटिसों पर सुनवाई हुई तथा दो शमन मानचित्र दाखिल हुए।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 30.08.2024

## विप्रा का सेवा सप्ताह सराहनीय-विधायक

### मास्टर प्लानके अनुसार शहरके सुनियोजित विकास पर विप्रा कटिबद्ध-उपाध्यक्ष

वाराणसी विकास प्राधिकरण ५० वर्ष पूरे होने पर शुक्रवारको दासेपुर हरहुआ में कैंप लगाकर जनता की शिकायतोंका निस्तारण किया। इस अवसरपर विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि जनता की समस्या कैंप के माध्यम से हल करने का प्रयास जारी रहेगा। विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान में शहर को सुन्दर बनाने का उल्लेख किया गया है। जैसे होटल बनाने के लिए नौ मीटर, कारखाने बनाने के लिए १२ मीटर एवं समूह आवास बनाने के लिए १२ मीटर रोड का होना अनिवार्य है। विप्रा ने प्रधानमंत्री आवासीय योजना में ६०८ आवास बनाये, जिसमें ५३० आवासों का आवंटन हो गया है। ५० सालों में विभाग ने ८००० आवास और दुकान बनाये हैं। जिनको व्यवस्थित ढंगसे आवंटन किया गया। इसके अलावा मानचित्र सुविधा सेलका गठन किया गया है, जहां एक सहायक अभियंता और दो अवर अभियंता कार्य करते हैं। जो कि आम जनता को मानचित्र संबंधित आवश्यक जानकारी देते हैं। उन्होंने कहा कि दासेपुर पार्क में बच्चों को खेलने के लिए झूले और अन्य उपकरण १५ दिन के अंदर उपलब्ध करा दी जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि विकास प्राधिकरण की सेवा सप्ताह योजना सराहनीय है। इसके अलावा घर बैठे लोग विप्रा के वेबसाइट पर भूमि प्रयोगके बारे में जानकारी ले सकते हैं। कार्यक्रम में अपर सचिव डाक्टर गुडाकेश शर्मा ने मंचपर उपस्थित लोगों को कैंप के बारे में जानकारी दी। कैंप में एक शमन मानचित्र स्वीकार किया गया एवं दो संपत्तियों को प्रदीप कुमार गुप्ता और सत्यप्रकाश झा को कब्जा पत्र दिया गया। वहीं लाभार्थी को हस्तांतरण की अनुमति दी गयी और एक लाभार्थी को नामांकन पत्र दिया गया। कैंप में ३० नोटिस प्रकरणों पर सुनवाई हुई। दो शमन मानचित्र दाखिल किये गये। एक शमन मानचित्र पर ड्राइंग में सुधार के लिए भूमि स्वामी को आपत्ति लगायी गयी। कैंप में २०० लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विप्रा उपाध्यक्ष ने शाल और स्मृति चिन्ह और पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिशासी अभियंता अरविन्द कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा के अलावा वीडीए की टीम उपस्थित थी। धन्यावाद ज्ञापन सम्पत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल ने किया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 31.08.2024

### वीडीए द्वारा मानचित्र सुविधा शेल का किया गया गठन

वाराणसी । विकास प्राधिकरण अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन लगातार कर रहा है। जिसके क्रम में शुक्रवार को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के षष्ठम दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना, दासेपुर हरहुआ में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि अवधेश सिंह विधायक पिंडरा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का स्वागत उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके उपरांत अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी। उपाध्यक्ष द्वारा मंच से उपस्थित जनता से अपील की गयी कि आपकी समस्या चाहे किसी भी अनुभाग संपत्ति अनुभाग, नियोजन अनुभाग, भवन अनुभाग से सम्बंधित हो सबका निस्तारण कैम्प के माध्यम से किया जायेगा तथा बताया गया कि विकास प्राधिकरण अपने मास्टरप्लान के अनुसार वाराणसी के सुनियोजित विकास की दिशा में कार्यरत है, जैसे होटल बनाने हेतु 09 मीटर, कारखाना बनाने हेतु 12 मीटर एवं समूह आवासों हेतु 12 मीटर रोड अनिवार्य है। इसी के साथ महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी कि वी0डी0ए0 द्वारा विभिन्न योजनायें शहर में लायी गयी जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में 608 आवास बनाये गये तथा वर्तमान में 530 आवास आवंटित किये जा चुके हैं शेष की आवंटन प्रक्रिया जारी है तथा बताया गया कि पिछले 50 सालों में वी0डी0ए0 द्वारा कुल 8000 आवास एवं दुकाने बनाये जा चुके हैं जिसे निर्धारित शुल्कों के आधार पर उपलब्ध कराना प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। इसी के क्रम में उपस्थित जनता को जानकारी देते हुए बताया गया कि मानचित्र पास करने की प्रक्रिया को सरलीकरण करने हेतु वी0डी0ए0 द्वारा मानचित्र सुविधा सेल का गठन किया गया हैं जहाँ 01 सहायक अभियंता तथा 02 अवर अभियंता उपस्थित रहते है, मानचित्र सम्बंधित सभी जानकारी एक ही टेबल पर प्राप्त की जा सकती है उपाध्यक्ष द्वारा सराहना करते हुए बताया गया कि पिछले वर्ष में जितने 06 माह में मानचित्र पास हुए थे इस वर्ष वी0डी0ए0 द्वारा 03 माह में ही उतने मानचित्र पास किये जा चुके हैं। उक्त के क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा मंच से जनता को आश्वासन दिया गया कि दासेपुर पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले आदि की आवश्यकता है जिसे 15 दिवस के अन्दर उपलब्ध करा दिया जायेगा ।



## परफेक्ट मिशन–दि0 31.08.2024

### वीडीए के सेवा सप्ताह में सभी की समस्याओं का होगा समाधान : अवधेश सिंह

वाराणसी (परफेक्ट मिशन)। वीडीए अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन लगातार कर रहा है। इस दौरान प्राधिकरण सेवा सप्ताह के छठवें दिन प्रधानमंत्री आवास योजना दासेपुर हरहुआ में कैंप लगाकर जनता की शिकायतों का निस्तारण किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पिण्डरा विधायक डा.अवधेश सिंह उपस्थित रहे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त अपर सचिव डा.गुडाकेश शर्मा द्वारा मंच से आमजन को कैम्प के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा.अवधेश सिंह ने अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि अभी तक किसी भी प्राधिकरण द्वारा जनता की सेवा हेतु ऐसा पहल नहीं किया गया तथा वीडीए द्वारा भू प्रयोग जांच करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से सरल बनाना एवं मानचित्र सुविधा सेल के गठन जैसे कार्यों के लिए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग तथा समस्त वीडीए टीम की प्रशंसा की गई। तदोपरांत मुख्य अतिथि द्वारा पौधरोपण भी किया गया एवं उपस्थित आमजन को पौधरोपण हेतु पौधे वितरित किए गए। आयोजित कैंप में उपस्थित मुख्य अतिथि का वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा शाल, प्राधिकरण का स्मृतिचिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भवन एवं मानचित्र विभाग द्वारा कैंप अवधि में देवनाथ वर्मा निवासी शिवपुर का एक शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश—दि0 31.08.2024

## प्राधिकरण सेवा सप्ताह के षष्टम दिवस पर प्रधानमंत्री आवास योजना, दाशेपुर हरहुआ में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया



वाराणसी।अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में स्वर्ण जयंती के रूप में वाविप्रा प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन लगातार कर रहा है। जिसके क्रम में 30 अगस्त को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के षष्टम दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना, दाशेपुर हरहुआ में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया ।उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्री अवधेश सिंह मा0 विधायक पिंडरा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का स्वागत उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया ।जिसके उपरांत अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी ।उपाध्यक्ष द्वारा मंच से उपस्थित जनता से अपील की गयी कि आपकी समस्या चाहे किसी भी अनुभाग संपत्ति अनुभाग , नियोजन अनुभाग, भवन अनुभाग से सम्बंधित हो सबका निस्तारण कैम्प के माध्यम से किया जायेगा तथा बताया गया कि विकास प्राधिकरण अपने मास्टरप्लान के अनुसार वाराणसी के सुनियोजित विकास की दिशा में कार्यरत है, जैसे होटल बनाने हेतु 09 मीटर, कारखाना बनाने हेतु 12 मीटर एवं समूह आवास हेतु 12 मीटर रोड बनाना अनिवार्य है τइसी के साथ महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी कि वी0डी0ए0 द्वारा विभिनन योजनायें शहर में लायी गयी जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में 608 आवास बनाये गये तथा वर्तमान में 530 आवास आवंटित किये जा चुके है शेष की आवंटन प्रक्रिया जारी है तथा बताया गया कि पिछले 50 सालों में वी0डी0ए0 द्वारा कुल 8000 आवास एवं दुकाने बनायें जा चुके है जिसे निर्धारित शुल्कों के आधार पर उपलब्ध कराना प्राधिकरण की जिम्मेदारी है । इसी के क्रम में उपस्थित जनता को जानकारी देते हुए बताया गया कि मानचित्र पास करने की प्रक्रिया को सरलीकरण करने हेतु वी0डी0ए0 द्वारा मानचित्र सुविधा सेल का गठन किया गया है जहाँ 01 सहायक अभियंता तथा 02 अवर अभियंता उपस्थित रहते है, मानचित्र सम्बंधित सभी जानकारी एक ही टेबल पर प्राप्त की जा सकती है उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सराहना करते हुए बताया गया कि पिछले वर्ष में जितने 06 माह में मानचित्र पास हुए थे इस वर्ष वी0डी0ए0 द्वारा 03 माह में ही उतने मानचित्र पास किये जा चुके है τ उक्त के क्रम में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मंच से जनता को आश्वाशन दिया गया कि दाशेपुर पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले आदि की आवश्यकता है जिसे 15 दिवस के अन्दर उपलब्ध करा दिया जायेगा। मुख्य अतिथि श्री अवधेश सिंह द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के कार्य की सराहना करते हुए बताया गया कि अभी तक किसी भी प्राधिकरण द्वारा जनता की सेवा हेतु ऐसा पहल नहीं किया गया तथा वी0डी0ए0 द्वारा भू प्रयोग जाँच करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से सरल बनाना एवं मानचित्र सुविधा सेल के गठन जैसे कार्यों के लिए उपाध्यक्ष तथा समस्त वी0डी0ए0 टीम की प्रशंसा की गयी । मुख्य अतिथि अवधेश सिंह द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित जनता में पौध रोपण हेतु पौधे वितरित किये गये τ आयोजित कैम्प में उपस्थित मुख्य अतिथि का वी0डी0ए0 उपाध्यक्ष द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया।संपत्ति अधिकारी श्री राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया । कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी(जोन-1 ) सिंह गौरव जयप्रकाश अवर अभियंता अतुल मिश्रा व वी0डी0ए0 टीम उपस्थित रही ।प्राधिकरण सेवा सप्ताह के षष्टम दिवस की उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है।भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 01 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। श्री देवनाथ वर्मा निवासी शिवपुर द्वारा प्रस्तुत शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया । संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 02 लाभाथियों श्री प्रदीप कुमार गुप्ता, श्री सत्य प्रकश झा को सम्पत्ति का कब्ज़ा पत्र तथा 01 लाभार्थी श्री रंजित कुमार पाल को हस्तानान्तरण की अनुमति तथा 01 लाभार्थी श्रीमती भगवती सोनी को नामांतरण पत्र दिया गया । कैम्प में कुल 200 लोगों 'द्वारा प्रतिभाग किया गया।